हिन्दुस्तान
1936
सत्य • सार्थक • सदैव
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
मंगलवार
23 जुलाई 2024, श्रावण कृष्ण प्रक्ष, द्वितीया, विक्रम सम्वत् 2081, प्रयागराज
नगर संस्करण, वर्ष 15, अंक 174, 16 पेज, मूल्य ₹ 7.00 • पांच प्रदेश • 21 संस्करण

इलाहाबाद विश्वविद्यालय का इकलौता स्वायत्त कॉलेज, बगैर सीयूईटी वाले विद्यार्थी भी ले सकेंगे प्रवेश

ईसीसी में 12वीं की मेरिट पर होगा दाखिला

मिशन एडमिशन

प्रयागराज, कार्यालय संवाददाता। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के इकलौते आंटोनॉमस (स्वायत्त) यूइंग क्रिश्चियन कॉलेज (ईसीसी) में शैक्षिक सत्र 2024-25 में इंटरमीडिएट की मेरिट के आधार पर भी स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिए जाएंगे। यानी कॉमन यूनिवर्सिटी इंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) में बिना शामिल विद्यार्थी भी स्नातक में प्रवेश पा सकेंगे। हालांकि पहली प्राथमिकता सीयूईटी के शामिल विद्यार्थियों को मिलेगी। सीटें रिक्त होने पर सीधे प्रवेश दिए जाएंगे।

ईसीसी पहले अपने दाखिले के लिए स्वयं प्रवेश परीक्षा आयोजित करता था। इविवि के बाद ईसीसी छात्रों की पहली पसंद होता था। शैक्षिक सत्र 2022-23 में इविवि के साथ ईसीसी भी सीयूईटी के जरिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू की लेकिन नए सत्र में कॉलेज प्रशासन ने निर्णय किया कि वह विद्यार्थी जो किसी कारण से सीयूईटी में नहीं बैठ पाए और ईसीसी में अध्ययन करना चाहते हैं, वे पंजीकरण करा सकते हैं। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के आदेश में यह प्रावधान है। विद्यार्थी बीए, बीएससी, बीकाम एवं बीसीए में प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिए पंजीकरण शुरू है।

स्नातक के पाठ्यक्रम

बीए में 650, बीएससी बायो में 300, बीएससी गणित में 480, बीएड में 100 और बीकॉम में 150 सीटों पर प्रवेश होगा।

इन विषयों में पीजी

एमए अंग्रेजी और राजनीति विज्ञान, एमएससी रसायन, बॉटनी, जन्तु विज्ञान और गणित।

इन विषयों में कराया जाता है शोध

रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, अर्थशास्त्र, दर्शनशास्त्र, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, शिक्षा शास्त्र और भूगोल।

बीएड और परास्नातक पाठ्यक्रमों में आवेदन शुरू

एडमिशन चेयरमैन डॉ. विनीता जॉन ने बताया कि बीएड, डीएलटी एवं सभी परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू है। संबंधित छात्र प्रवेश पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

नैक पीयर टीम का दो दिनी दौरा 23 को होगा

नैक की पीयर टीम 23 व 24 जुलाई को कॉलेज का निरीक्षण करेगी। इसके बाद ग्रेड प्रदान करेगी। इससे पहले कॉलेज के पास बी ग्रेड था। कॉलेज की स्थापना 1902 में हुई थी। कॉलेज में पांच संकाय में पढ़ाई होती है। वर्तमान में 3500 छात्र-छात्राएं अलग-अलग पाठ्यक्रमों में पंजीकृत हैं।

" प्रवेश का पहला अवसर सीयूईटी में बैठने वाले विद्यार्थियों को दिया जाएगा। सीट बचने पर प्रवेश प्राप्त करने का मौका गैर सीयूईटी विद्यार्थियों को दिया जाएगा। फीस व फॉर्म से संबंधित अन्य जानकारी महाविद्यालय की वेबसाइट **www. ecc. ac. in** पर प्रवेश पोर्टल पर उपलब्ध है।

डॉ. अरुण मोजेज, प्राचार्य, ईसीसी।

प्रयागराज, शुक्रवार
26 जुलाई, 2024
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16

दैनिक जागरण

www.jagran.com
उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

दावा संशोधन पर एक अगस्त को आएगा आदेश 11
महंगे पाठ्यक्रमों के लिए भी मिलेगा ऋण : जयंत 14

ईसीसी में नैक टीम ने पाठ्यक्रमों का किया मूल्यांकन

जासं, प्रयागराज : ईसीसी में नैक मूल्यांकन को लेकर दो दिन से नैक पीयर टीम ने विभागों का निरीक्षण किया। टीम ने 24 और 25 जुलाई को महाविद्यालय के सभी विभागों में भ्रमण किया। सभी पाठ्यक्रमों और सुविधाओं का मूल्यांकन किया गया। शिक्षकों, छात्रों, अभिभावकों और पुराछात्रों से मुलाकात करके महाविद्यालय की अन्य जानकारी ली। सभी कार्यक्रमों से संबंधित पूछताछ भी की।

प्रांचार्य डा. मोजेस ने बताया कि महाविद्यालय में होने वाले सभी कार्यों के बारे में सूचित किया, जिससे नैक टीम संतुष्ट दिखी। टीम ने परिक्षा नियंत्रक, रर्जिस्ट्रार, बरसर, अनुशासन अधिकारी एवं महाविद्यालय के अन्य अधिकारियों के मुलाकात करके उनके कार्यालयों का निरीक्षण भी किया और वहां काम करने वाले कर्मचारियों से भी बात की। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। गुरुवार को अपनी रिपोर्ट को पूरा करके नैक कार्यालय में भेजने के उपरांत टीम के सदस्यों ने सभी शिक्षकों से मुलाकात कर दौरे को संपन्न करने की घोषणा की।

हिन्दुस्तान

1936
सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शुक्रवार
26 जुलाई 2024, श्रावण कृष्ण पक्ष, षष्ठी, विक्रम सम्वत् 2081, प्रयागराज

नगर संस्करण • पांच प्रदेश • 21 संस्करण

कैंपस 30s

नैक ने ईसीसी की परखी शैक्षिक गुणवत्ता

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के इकलौते आटोनॉमस (स्वायत्त) यूइंग क्रिश्चियन कॉलेज (ईसीसी) में 24 और 25 जुलाई को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) ने दो पालियों में 'परीक्षा' ली। पश्चिम बंगाल के विश्व भारती विश्वविद्यालय के प्रोफेसर की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय टीम गुरुवार को प्राचार्य डॉ. अरुण मोजेज को सील बंद लिफाफ देकर लौट गई। पहले दिन टीम ने सभी संकायों के विभागों का दौरा किया। इस दौरान कॉलेज में छात्रों को दी जाने वाले 38 प्रकार की सुविधाओं और लैब को परखा।